हिन्दी

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 8 पूर्णांक – 100

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्न गद्यांश का अर्थ संदर्भ सहित लिखिए – 6

एक बार एक बागी गुलाम और एक बादशाह के बीच बातचीत हुई। यह गुलाम कैदी दिल से आजाद था। बादशाह ने कहा,'मैं तुमको अभी जान से मार डालूँगा। तुम क्या कर सकते हो'? गुलाम बोला 'हाँ' मैं फाँसी पर तो चढ़ जाऊँगा, पर तुम्हारा तिरस्कार तब भी कर सकता हूँ।

(ख) निम्न पद्यांश का सन्दर्भ–सहित अर्थ लिखिए :– 6

बड़े न हूजे गुनन बिन, विरद–बड़ाई पाय।
कहत धतूरे सों कनक, गहनों गढ़्यौ न जाय॥
अति अगाध, अति ओथरो, नदी, कूप, सर बाइ।
सो ताकौ सागर जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ।

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 8

(क) गृह स्वामी को जूलिया पर गुस्सा क्यों आया और उसने जूलिया को क्या समझाया?

(ख) साइजी ने पाठकों को कौन–सा संदेश देना चाहा हैं?

(ग) मझली बहू ने पत्र के अंत में क्या निश्चय व्यक्त किया?

3. (क) निम्न वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए :– 6

(अ) जो खाने योग्य न हो।

(ब) जानने की इच्छा रखने वाला।

(स) जो देखने में प्रिय लगता हो।

(ख) निम्न पंक्ति में अलंकार बताइए :– 4

कनक कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।

(ग) किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए :– 8

(अ) सिर का ऊपर होना (ब) कठपुतली बनना

(स) हृदय पर हाथ रखना।

(घ) किन्हीं दो शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :– 6

जिये मरे, पास–पड़ोस, धर्म–ईमान।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों में से किन्हीं दो युग्मों के अर्थ अलग–अलग लिखिए:–6

योग–योग्य, कड़ी–कढ़ी, पत्र–पात्र

(पृष्ठ पलटिए)

4. अपनी पाठ्य-पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की चार पंक्तियाँ अथवा कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 6

5. हमारे आदर्श भाग-3 के आधार पर किसी एक महापुरुष का वर्णन कीजिए। 8

6. निम्न अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 12

हस्तस्य भूषणं दानं सत्यं कण्ठस्य भूषणम।
श्रोत्रस्य भूषणं शास्त्रं भूषणैः किं प्रयोजनम्॥

अथवा

उदयति मिहिरो विदलति तिमिरो,
भुवनं कथमभिरामम्॥
प्रचरति चतुरो मधुकर-निकरो
गुञ्जति कथमविरामम्॥

7. आपके जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तर में क्लर्क का स्थान रिक्त है। आप एक आवेदन पत्र इस स्थान के लिए लिखिए। 8

8. निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 16

(क) गणतंत्र दिवस
(ख) आदर्श अध्यापक
(ग) जनसंख्या वृद्धि देश के लिए अभिशाप है।